an>

Title: Regarding las and order situation and reported communal tension in Allahabad region of Uttar Pradesh.*

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज मैं उत्तर प्रदेश, विशेÂ◌ा तौर से जनपद इलाहाबाद और कौशाम्बी में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति पर सदन का ध्यान आकरÂ◌ि◌ात कराना चाहता हूँ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र फूलपुर में, पिछले एक महीने से हत्या, लूट, बलात्कार, छिनैती, डकैती की अनेक घटनाएँ घटीं। लेकिन उन अपराधियों को पकड़ने की जगह प्रदेश सरकार के इशारे पर, चूंकि इस समय जो प्रदेश में सरकार है, वह ...□ अपराधियों की सरकार है। ...*और अपराधियों की सरकार के कारण जिन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के सोरांव थानाक्षेत्र, मऊ-आइमा थानाक्षेत्र, फूलपुर थानाक्षेत्र, धूमनगंज थानाक्षेत्र आदि सभी थानाक्षेत्रों में ऐसी घटनाएँ घट रही हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है कि अभी कुछ दिन पहले दुकान में बैठा हुए

एक व्यापारी, सामान बेचने के लिए बैठा हुआ है, वहां समाजवादी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता... □ उसकी दुकान पर आते हैं, पैंतीस-छत्तीस हजार रुपये का सामान खरीदते हैं और जब वह व्यापारी पैसे की मांग करता है तो उसे गोली मार दी जाती है। उनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक व्यक्ति अभी अस्पताल में है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में गोवध निवारण अधिनियम है, लेकिन उस कानून के बावजूद इस समय गोहत्यारों को जैसे वहां पूरी छूट मिली हुई है। तस्करी और हत्याओं की घटनाओं में शामिल रहने वाले अपराधियों को थानों से संरक्षण मिल रहा है। इलाहाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस एक वर्ग विशेÂ◌ा को तुÂट करने के लिए लोगों को अपमानित करने पर जुटी है। पुलिस लाइन के अंदर दंगों पर नियंत्रण करने के बारे में रिहर्सल किया जाता है, उस रिहर्सल के दौरान जिन लोगों को दंगाई बताया जाता है, उनके हाथ में भगवा झण्डा पकड़ाया जाता है। मैं आज इस सदन के माध्यम से इसकी भर्त्सना करता हूं और ऐसे पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता हूं।...(व्यवधान)

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में एक प्रसिद्ध शिव मन्दिर है - पाण्डेश्वर महादेव। वहां पर निशान चढ़ाने की परम्परा है। अभी पिछले दिनों मउआइमा थाना क्षेत्र के अन्दर गांव के भक्त लोग सामान्य ढंग से निशान चढ़ाने के लिए जा रहे थे, उस समय रमजान का महीना भी चल रहा था। उन लोगों ने वहां उनके सम्मान में अपने ध्वनिवर्धक यंत्र बंद करके आगे निकलकर गए, लेकिन उसके बावजूद उन पर हमला किया गया। हमला करने वालों पर कार्रवाई करने की जगह जिन लोगों पर हमला हुआ, उन लोगों को अभियुक्त बनाने का काम किया गया।...(व्यवधान)

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं इसीलिए आपका ध्यान इस ओर आकृÂट कराना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में इस समय कानून का राज नहीं, अपराधियें ... * का राज है, भ्रÂटाचार चरम पर है, माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं, व्यापारी सुरक्षित नहीं हैं, नौजवान सुरक्षित नहीं हैं। मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार को बर्खास्त करके वहां पर राÂट्रपति शासन लगाया जाए। मैं ऐसी मांग करता हूं।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Keshav Prasad Maurya.

...(*Interruptions*)